**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 02.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी की। इसके तहत 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये भेजे गये। मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह योजना सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण है।

**************************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन पूर्वी सिंहभूम के घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास में आज सुबह बाथरूम में फिसल कर गिर गए। इससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है। घटना के तुरंत बाद उन्हें जमशेदपुर स्थित टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया। वहां उनका इलाज दिल्ली के मेदांता अस्पताल में चल रहा है, लेकिन उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**************************

नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित कला उत्सव–2025 में हजारीबाग की दस महिला कलाकारों ने जिले की पांच हजार वर्ष से अधिक पुरानी **सोहराय और कोहबर** कलाकृति को जीवंतता प्रदान करने का प्रयास किया। गौरतलब है कि 14 जुलाई से 24 जुलाई तक चले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हजारीबाग की महिला कलाकारों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और उनकी कला की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी बनायी हुई तस्वीरों में **भारत की आत्मा की झलक** है। हजारीबाग के उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद और जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने इसे राज्य के लिए गौरव की बात कही है।

**************************

लिंक रेक के विलम्ब से चलने की वजह से आज रांची से खुलने वाली ट्रेन संख्या 20839 राँची–नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय शाम छह बजे के स्थान पर रात 10 बजकर 50 मिनट पर खुलेगी।

**************************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी में अनियमितताओं को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने डुमरी विधायक जयराम महतो को ज्ञापन सौंपा। संघ ने राज्य सरकार से जेपीएससी की परीक्षाएं हर साल नियमित रूप से कराने, अभ्यर्थियों को उम्र में विशेष छूट देने, लंबित 15 परीक्षाओं की तिथि जल्द घोषित करने की मांग की है। विधायक जयराम महतो ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि वे इस विषय को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएंगे और जेपीएससी की निष्क्रियता पर सरकार से जवाब मांगेंगे।

**************************

रांची के वरिष्ठ साहित्यकार और समाजसेवी डॉ. मयंक मुरारी को प्रतिष्ठित **तुलसी सारस्वत सम्मान 2025** प्रदान किया जाएगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************************

कोडरमा जिले में लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में भारी जल जमाव हो गया है। झुमरी तिलैया शहर में झंडा चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक विकट स्थिति है। बिशनपुर रोड में बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। नगर परिषद की ओर से मानसून आने से पहले शहर के सभी वार्डों में नालियों की सफाई

को लेकर अभियान चलाया था। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाया है और कहा कि उसके दावे फेल हो गए हैं।

**********समाप्त**********